न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, कोटा

पीठासीन अधिकारी : मुक्तानन्द अग्रवाल, आई0ए0एस0

प्रकरण संख्या –64/2019 (Bank Case)

कैन फिन होम्स लिमिटेड, शाखा – 1–सी–18, एसएफएस, प्रथम तल, फ्रंट साइड, शीला चौधरी रोड, कैडिटर तलवंडी, कोटा जरिये प्राधिकृत अधिकारी

– प्रार्थी बैंक.

बनाम

1. श्री भवानी शंकर मीणा पुत्र श्री सत्यनारायण मीणा सर्वे नं0 183, रंगबाडी, कच्ची बस्ती, जिला कोटा (राज0)
(ऋणी व बंधककर्ता)
2. श्रीमति सावित्री बाई मीणा पत्नि श्री भवानी शंकर मीणा सर्वे नं0 183, रंगबाडी, कच्ची बस्ती, जिला कोटा (राज0)
(ऋणी व बंधककर्ता)
3. श्री सुरजीत पाल मीणा पुत्र श्री मदनपाल मीणा
पता–4/50, रंगबाडी, घासी बाई की गली, संदोष स्कूल के सामने, जिला कोटा (राज0) (गारंटर)
4. श्री प्रेम चन्द मीणा पुत्र श्री कस्तूरी चन्द मीणा
पता– ई 134–135, आर.के.पुरम जिला कोटा (राज.) (गारंटर)
5. श्रीमति नन्दु बाई पत्नि श्री टीकमचन्द
पता– 144, रंग विहार, महावीर नगर–3, जिला कोटा (राज.)
(गारंटर)

––अप्रार्थीगण.

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 (1) (2) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 **(The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002)**

उपस्थित

1. श्री अमर सिंह नरूका, अधिवक्ता, बैंक की ओर से

निर्णय

दिनांक: 12.06.2019

प्रार्थी कैन फिन होम्स लिमिटेड शाखा – 1–सी–18, एसएफएस, प्रथम तल, फ्रंट साइड, शीला चौधरी रोड, कैडिटर तलवंडी, कोटा से अप्रार्थी ने दिनांक 23.11.2015 को प्रथम ऋण रू0 15,00,000/– (अक्षरेः रूपये पन्द्रह लाख, मात्र) एवं दिनांक 08.09.2017 को द्वितीय ऋण रू0 10,00,000/– (अक्षरेः रूपये दस लाख मात्र) कुल रू0 25,00,000/– (अक्षरेः रूपये पच्चीस लाख मात्र) का ऋण लिया था तथा अप्रार्थी सं0 1 व 2 ने ऋण व उसके मय ब्याज के पुनर्भुगतान हेतु सिक्योरिटी के रूप मे **अचल सम्पत्ति श्री भवानी शंकर मीणा पुत्र श्री सत्यनारायण मीणा एवं श्रीमति सावित्री बाई मीणा पत्नि श्री भवानी शंकर मीणा सर्वे नं0 183, रंगबाडी, कच्ची बस्ती, जिला कोटा (राज.) स्थित आवासीय सम्पत्ति जिसका क्षैत्रफल 109.78 वर्गगज है । जिसकी चर्तु सीमाएं – पूर्व में– गुर्जर का मकान, पश्चिम में– रोड, उत्तर में– गेवार का मकान, दक्षिण में भंवरलाल का मकान । जिसका कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा नियमन–आवंटन/अधिकार पत्र कमांक/नियमन–आवंटन/2011/241 दिनांक 21.11.2011 से जारी किया हुआ है ।** को प्रार्थी बैंक के पक्ष में गिरवीकृत किया गया था। अप्रार्थी ने नियमित रूप से प्रार्थी का उक्त ऋण का भुगतान नहीं कर सका और ऋण के भुगतान में व्यतिक्रम व डिफाल्ट होने पर प्रार्थी बैंक द्वारा अप्रार्थीगण के खाते को दिनांक 30.11.2018 को एन.पी.ए. कर

जिला कलेक्टर
कोटा

Scanned by CamScanner

दिया गया । अप्रार्थीगण द्वारा उसके खाते मे 25,89,767/– रूपये (अक्षरे रूपये पच्चीस लाख, नैवांसी हजार, सात सौ सड़सठ मात्र) बकाया रकम दिनांक 12.12.2018 तक शेष देय है व आगे की बकाया राशि मय ब्याज व खर्चे पूर्णभुगतान करने तक के लिए अप्रार्थी जिम्मेदार है । **प्रार्थी बैंक ने उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण,को दिनांक 13.12.2018 को रजिस्टर्ड डाक नोटिस भी प्रेषित किये गये, तथा उक्त नोटिस का हिन्दी समाचार पत्र हाडौती केसरी में दिनांक 15.02.2019 एवं अंग्रेजी समाचार पत्र 'The Economic Times " में दिनांक 15.2.2019 को प्रकाशन भी कराया** इसके बावजूद ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है । ऋणी द्वारा बंधक सम्पत्ति का कब्जा भी प्रार्थी बैंक को नही संभलाया है । प्रार्थी बैंक द्वारा The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत उपरोक्त खाते मे देय राशि के पुर्नभुगतान हेतु रहनशुदा सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को जरिये पुलिस इमदाद संभलाने के लिये यह प्रार्थना पत्र जरिये अभिभाषक प्रस्तुत किया गया ।

अभिभाषक प्रार्थी को सुना गया । अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रकट किया कि अप्रार्थी ने उसके खाते मे देय ऋण राशि मय ब्याज की राशि के भुगतान नहीं किया जाने से **प्रार्थी बैंक ने उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण,को दिनांक 13.12.2018 को रजिस्टर्ड डाक नोटिस भी प्रेषित किये गये, तथा उक्त नोटिस का हिन्दी समाचार पत्र हाडौती केसरी में दिनांक 15.02.2019 एवं अंग्रेजी समाचार पत्र 'The Economic Times " में दिनांक 15.2.2019 को प्रकाशन भी कराया** इसके बावजूद ऋण राशि मय ब्याज चुकाने मे चूक की है । अतः उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी वित्तीय संस्था को या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति को दिलवाने का आदेश फरमाते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावे ।

हमने बहस पर मनन किया एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया। **प्रार्थी बैंक ने उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रार्थीगण,को दिनांक 13.12.2018 को रजिस्टर्ड डाक नोटिस भी प्रेषित किये गये, तथा उक्त नोटिस का हिन्दी समाचार पत्र हाडौती केसरी में दिनांक 15.02.2019 एवं अंग्रेजी समाचार पत्र 'The Economic Times " में दिनांक 15.2.2019 को प्रकाशन भी कराया** इसके पश्चात भी मांग की गई राशि का अप्रार्थीगणों द्वारा भुगतान नहीं किया है। अतः प्रार्थी वित्तीय संस्था द्वारा The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है । **अचल सम्पत्ति श्री भवानी शंकर मीणा पुत्र श्री सत्यनारायण मीणा एवं श्रीमति सावित्री बाई मीणा पत्नि श्री भवानी शंकर मीणा सर्वे नं0 183, रंगबाडी, कच्ची बस्ती, जिला कोटा (राज.) स्थित आवासीय सम्पत्ति जिसका क्षैत्रफल 109.78 वर्गगज है । जिसकी चर्तु सीमाएं – पूर्व में– गुर्जर का मकान, पश्चिम में– रोड, उत्तर में– मेवाडा का मकान, दक्षिण में भंवरलाल का मकान । जिसका कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा नियमन–आवंटन/अधिकार पत्र क्रमांक/नियमन–आवंटन/2011/244 दिनांक 01.11.2011 से जारी किया हुआ है ।** का भौतिक कब्जा प्रार्थी बैंक द्वारा जरिये संबंधित पुलिस थाना इमदाद प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है । उक्त सम्पत्ति का कब्जा दिलाने हेतु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भत्ता व यात्रा व्यय आदि का भुगतान नियमों मे देय है तो संबंधित बैंक द्वारा वहन किया जायेगा । आदेश की प्रति प्रार्थी बैंक, पुलिस अधीक्षक (शहर) कोटा को हस्ब कायदा जारी हो । सम्पत्ति के स्वामित्व अथवा कब्जे को लेकर किसी भी तरह का विवाद होने की स्थिति मे यह आदेश कियान्वित ना कर विवाद के संक्षिप्त विवरण सहित इस न्यायालय को लौटाया जावे ।

आदेश आज दिनांक 12.06.2019 को सुनाया गया ।

(मुक्तानन्द अग्रवाल)
जिला मजिस्ट्रेट
कोटा

Scanned by CamScanner